आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :293 पृष्ठ -4 दिनांक 21अक्टूबर 2024 दिन सोमवार

# सीएम योगी ने पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता बढ़ाने की घोषणा की, 58 करोड़ का पड़ेगा व्यय भार

## पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बड़ी घोषणाएं

उत्तरप्रदेश पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बड़ी घोषणाएं की। इस मौके पर उन्होंने पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता बढ़ाने का एलान किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस अकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धिऔरराष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये का खर्चवहन करेगी।सीएम योगी ने बहु मंजिला आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए1,380 करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा की।

वहीं अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो पुलिस महा. निदेशक के अधीन रहेगा। साथ ही इसका सम्मान प्रस्तावित कॉरपस नियमावली के तहत किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवगंत शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया। दो शहीद पु. लिसकर्मियों को सीएम ने दी श्रद्धांज. लिमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन में दो शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित भी किया। हर साल 21 अक्तूबर को प्रदेश में शहीद हुए पुलिसक. र्मियों की याद में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस साल दो पुलिस कर्मी रोहित कुमार व सचिन राठी को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।आठ जून 2024 को फतेहगढ़ जिले के नवाबगंज थाने में तैनात सिपाही रोहित कुमार साथी पुलिसकर्मियों के साथ अवैध खनन की सूचना पर दबिश देने गए थे। अवैध खनन में लगे ट्रैक्टा ट्राली को एक बाइकसवार रास्ता बता रहा था। रोहित ने बाइक सवार का पीछा किया। इस दौरान आरोपियों ने रोहित की बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे रोहित ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए थे। इस घटना में रोहित की मौत हो गई थी। वहीं, 25 दिसंबर 2023 को कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाने में तैनात सिपाही सचिन राठी पुलिस टीम के साथ तस्करों के यहां दबिश देने गए थे।

इस दौरान तस्करों की फायरिंग में सचिन को गोली लगी थी। सचिन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को दी 36.20 करोड़ रुपये की आर्थिकसहायतामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद पुलिस कर्मी, केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों तथा भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। वहीं जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों की सुख सुविधा के लिए 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए 4 करोड़, कार्यरत, सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 2,66 दावों के निस्तारण के लिए 30 लाख 56,000 रुपए की राशि दी गयी। इसी तरह पांच लाख से अधिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 3,12 प्रकरण के लिए 12 करोड़ 60 लाख, 135 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम ऋण के रूप में 5 करोड़ 5 लाख ,जीवन बीमा योजना के तहत 3,06 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों की सहायता के लिए 9 करोड़ 8 लाख रुपए, पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों द्वारा कराए गए कैशलेस उपचार के तहत 31 लाख 16 हजार रुपए, पुलिस कार्मिकों के 205 मेधावी छात्रों को शिक्षा निधि के माध्यम से 53 लाख 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया।एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से किया गया सम्मानितसीएम योगी ने कहा कि गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवाओं के लिए चार तथा दीर्घ–सराहनीयसेवाओं के लिए 110 अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक का प्रदान किये गये।

**गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1,013 पुलिस कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा 729 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।**

वहीं तीन राजपत्रित अधिकारियों संग कर्मचारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक प्रदान किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा मानदेय और राजपत्रित पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 455 पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। पुलिस कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश का प्रशंसा चिन्ह डीजी कमेंडेशन डिस्क 29 प्लेटिनम, 51 गोल्ड और 783 सिल्वर राजपत्रित और अराजपत्रित कार्मिकों को प्रदान किए गए।गैंगस्टर एक्ट के तहत 77,811 अपराधियों के खिलाफ की गई कार. वाईसीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 2017 के बाद पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर 1,54,000 से अधिक भर्तियां की गयीं। इसमें 22,000 से अधिक महिला कार्मिक शामिल हैं। वहीं विभिन्न राजपत्रित पदों पर एक लाख 41,000 से अधिक कार्मिकों को पदोन्. नति दी गयी। वर्तमान में 60,000 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में शांति और कानून का राज्य स्थापित करने के लिए पिछले 7 वर्ष में 17 जवानों ने अप्रतिम शौर्य का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त किया जबकि 1,618 पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदेश में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत 77,811 और 9,23 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। माफिया और अपराधी गिराहों के 68 मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 31 माफिया तथा उनके 66 सहयोगियों को आजीवन कारावास की सजा दिलायी गयी। इसके अलावा दो को फांसी की सजा हुई है।माफिया और उनके गैंग के सदस्यों द्वारा अर्जित चार हजार 57 करोड़ की अवैध संपत्ति को जब्त किया गया। सीएम ने कहा कि एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा 22 मार्च 2017 से 2 अक्टूबर 2024 तक 1 करोड़ 2 लाख से अधिक स्थानों पर चेकिंग की। साथ ही 3 करोड़ 68 लाख से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 23,375अभियोग पंजीकृत कर 31 हजार 517 के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गयी जबकि एक करोड़ 39 लाख से अधिक व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। प्रदेश के हर थाने में महिला बीट आरक्षित तथा महिला हेल्थ डेस्क की स्थापना की गई। सभी जनपदों में 15,130 महिलपुलिसकर्मी को नियुक्त करते हुए 10,378 महिला बीट आवंटित की गयी। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 11 लाख 71,000 से अधिक सीसीटीवी स्थापित किए गए। धार्मिक स्थलों से एक लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गयेसीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में एक अभियान के तहत धार्मिक स्थलों से 1,08,037 से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गए या उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार उनकी ध्वनि नियंत्रित की गयी। 31 मई 2017 से 2 अक्टूबर 2024 तक पुलिस द्वारा दो करोड़ 68 लाख से अधिक स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण प्रस्तुत किया गया।सीएम योगी ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्य पालन के दौरान मृत्यु होने पर जो विभिन्न प्रकार की शिकायतें शासन के पास उपलब्ध होती रही हैं, उसी क्रम में उन कर्मियों के परिवारजनों खासतौर पर उनकी पत्नी तथा माता–पिता के जीवित न रहने की दिशा में शासनआदेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार मृतक के परिवार को पूर्ण धनराशि नहीं मिलने की समस्या बताई गई थी। इस पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि वर्तमान शासन आदेश को संशोधित करते हुए अनुग्रह की संपूर्ण धनराशि 25 लाख या 50 लाख रुपए जैस. ीअनुमान्यता है को पूर्णतया मृतक की पत्नीमाता–पिता या जो भी कानूनी वारिस हो उसको उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खक. वाल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक सुजीत पांडेय और मंडलायुक्त रोशन जैकब

## ताज के दीदार के लिए मिलेगी सीधी फ्लाइट, पीएम मोदी ने आगरा एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

प्रयागराज में महाकुंभ के लिए प्रयागराज में बिना जांच के किसी का प्रवेश नहीं होगा। वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ जोन के सीमावर्ती जिलों में चेि. कंग होगी। बिना चेकिंग कोई भी व्यक्ति, वाहन और सामान प्रयागराज में प्रवेश नहीं कर पाएगा।दुनिया भर के कई देशों में वर्तमान में युद्ध के हालात हैं तो कुछ में भारत विरोधी तत्वों की सक्रियता बढ़ी है। इस संबंध में खुफिया एजेंसियों को कई अहम इनपुट भी मिल रहे हैं, जिसने अगले वर्ष प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ की सुरक्षा–व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। लिहाजा तय हुआ है वर्तमान में विदेश की खराब हालत के मद्देजनर सभी अंतरराज्यीय सीमाओं और अंतरजनपदीय सीमाओं पर बिना चेकिंग कोई भी व्यक्ति, वाहन और सामान प्रयागराज के भीतर प्रवेश नहीं कर सक. ेगा।अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से चेकिंग और फ्रिस्किंग के बाद ही उसे प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। बीते दिनों एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर की अध्यक्षता में महाकुंभ की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में संबंधित जोन, रेंज, जिलों, जीआरपी के अधिकारियों की मौजूदगी में तय किया गया कि मध्य प्रदेश के सतना एवं रीवा और अंतर जोनल सीमा के जिलों समेत वाराणसी, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ जोन के जिलों के बार्डर पर प्रत्येक व्यक्ति, वाहन, सामान की सघन जांच कराई जाए। प्रयागराज आने–जाने वाले प्रत्येक वाहन की निगरानी के साथ पेट्रो. लिंग और चौकसी की जाए। प्रत्येक चेकिंग प्वाइंट पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे, जिसकी कवायद अक्तूबर माह से शुरू कर दी जाएगी। इससेआतंकवादियों और अपराधियों में डर का माहौबनेगा। वीआईपी सिक्योरिटी का पुख्ता बंदोबस्तमहाकुंभ में दुनिया भर की मशहूर हस्तियां और राजनयिक भी आएंगे। इसके दृष्टिगत सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जा रहे हैं। एसएसपी महाकुंभ मेला



राजेश द्विवेदी ने बताया कि मेला क्षेत्र में जल, थल और नभ तक की सिक्योरिटी को फूलप्रूफ प्लान बनाया गया है। इसके तहत स्नाइपर, एनएसजी कमांडो, कमांडो स्क्वाड, एटीएस, एसटीएफ, बीडीडीएस और स्निफर डॉग आदि तैनात होंगे। पूरे प्रयागराज, मेला क्षेत्र, प्रमुख स्थानों, मंदि. रों और संगम पर विशेष फोर्स तैनात हा. ेगी। एंटी ड्रोन सिस्टम के साथ कई जगह बुलेटप्रूफ आउटपोस्ट रहेगी।एनएसजी कमांडो की 2 टुकड़ियां और 26 एएस चेक (एंटी सबोटाज) टीम पूरे शहर में चेकिंग करेंगी। मेला क्षेत्र में एटीएस कमांडो की 4 और एसटीएफ की 3 यूनिट्स को तैनात किया जाएगा। सुरक्षा के लिए 20 स्नाइपर, 3 स्निफर डॉग, 4 स्वॉन दल भी तैनात होगा।होलि. डंग एरिया भी बनाए जाएंगेमहाकुंभ में इस बार दोगुने श्रद्धालुओं के आने की वजह से पड़ोसी जिलों की सीमाओं पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। मेला क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होने पर ही उनको प्रयागराज में प्रवेश करने दिया जाएगा। बता दें कि कुंभ में पिछली बार 25 करोड़ श्रद्धालु आए थे, जिनकी संख्या इस बार 45 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है।इनमें से 95 फीसद सड़क मार्ग से, 4.5 फीसद रेल मार्ग से और 0.5 फीसद वायु मार्ग से आएंगे। शासन ने तय किया है कि श्रद्धालुओं को सीमावर्ती जिलों में विशाल होल्डिंग एरिया बनाकर रोका जाए। जहां कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के साथ बिजली, पानी, शौचालय, खान–पान, मेडिकल और सीसीटीवी की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग भी बनाई जाएगी। रेलवे स्टेशनों के पास भी होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।

## कांग्रेस और सपा के बीच नाराजगी के सवाल पर अखिलेश . यादव की पहली प्रतिक्रिया, जानें- क्या कहा?

उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीच नाराजगी के दावों पर कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने पहली प्रतिक्रिया दी है. यूपी में सीट शेयरिंग के मुद्दे पर कथित नाराजगी के दावों पर अखिलेश ने एबीपी न्यूज के सवाल पर कहा कहा कि ये हमारे दो दलों के बीच की बात है हम दोनों दल समझ लेंगे. लगातार कांग्रेस से बातचीत हो रही है. हो जायेगी.इसके अलावा करहल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तेज प्रताप यादव के नामांकन पर अखिलेश ने कहा कि वह ऐतिहासिक मतों से जीतेंगे. अखिलेश ने दावा किया कि यहां बीजेपी के पास प्रत्याशी नहीं है. यहां की जनता ने हमेशा सपा का साथ दिया. करहल की जनता ने हमेशा सपा का साथ दिया है.श्बीजेपी डरी हुई... श्उन्होंने कहा कि बीजेपी उपचुनाव में कैसे च्क्। का मुकाबला करे वह डरी हुई



है. सबसे ज्यदा च्क्। के परिवार भेदभाव का शिकार हुये है. सपा चीफ ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी बहुत ज्यादा है.तेज प्रताप यादव के नामांकन के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार के जो उपचुनाव होने जा रहे है उसमे करहल से तेज प्रताप यादव भारी मतो से जीत कर आयेंगे. यहां की जनता हमेशा हमारे साथ रही है और इस बार और मत देकर जिताएगी. बहराइच में दंगे के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि बीजेपी इसे जानबूझकर कराया है. महाराष्ट्र चुनाव के संदर्भ में अखिलेश ने कहा कि हम लोगों ने 12 सीटों पर दावेदारी की है. जिस सीट पर हमारा संगठन मजबूत है.

## थूकने को लेकर छात्रों में खूनी संघर्ष, 10वीं के छात्र ने बस में घुसकर दो साथियों को मारी गोली

मेरठ में फैज ए आम इंटर कॉलेज में क्लास में थूकने को लेकर शुरू हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया. खूनी संघर्ष भी ऐसा कि वर्चस्व कायम करने के लिए 10वीं क्लास में साथ पढ़ने वाले छात्र एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए. इस दौरान छात्रों के एक गुट ने चलती बस में साथी छात्रों पर फायरिंग कर दी, यह गोली दो छात्रों को लगी. इस घटना के बाद बस में अफरा तफरी मच गई.दरअसल, ये पूरा मामला मेरठ के फैज ए आम इंटर कॉलेज का है, जहां 10वीं के छात्रों में थूकने को लेकर लड़ाई हो गई. आरोप है कि तीन दिन पहले क्लास में एक छात्र ने थूक दिया था, जिसका शादाब ने विरोध किया था. इसको लेकर उमर नाम के छात्र की शादाब से कहासुनी हो गई थी.बस में साथी छात्रों पर की फायरिंगदोपहर को एग्जाम खत्म होने के बाद बस में सवार होकर शादाब अपने दोस्त कासिम और खुर्शीद के साथ सिवालखास अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान उमर अपने साथियों के साथ मेट्रो प्लाजा के पास पहुंचा. आरोप है कि बस में सवार होते ही उमर ने तमंचा निकालकर शादाब की हत्या के नियत से गोली चलानी चाही, लेकिन कासिम ने तमंचा पकड़ लिया. जिससे गोली कासिम के हाथ में लग गई और उसके साथी खुर्शीद की जांघ में भी गोली लग गई. आरोपी छात्र गिरफ्तार मामला मेरठ के ब्रहमपुरी थाना इलाके के मेट्रो प्लाजा के पास का है. बस में घुसकर दो छात्रों को गोली मारने की घटना से हड़कंप मच गया. इसके बाद बस चालक ने बस रोक दी, बस में सवार लोगों ने उतरकर भाग रहे छात्रों को पकड़ लिया. इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और घायल छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया. पकड़े गए छात्रों को लेकर पुलिस थाने आ गई. फैज ए आम इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों से पूछताछ की जा रही है, जबकि दोनों घायल छात्र खुर्शीद और कासिम का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है. ईएमओ डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि दोनों छात्र खतरे से बाहर हैं, एक के हाथ और दूसरे की जांघ में गोली लगी है.जांच के लिए पुलिस टीम गा. ठतइस पूरे मामले में मेरठ एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि दोनों घायल छात्रों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. दो छात्र हिरासत में भी लिए गए हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है. एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि छात्रों में किस बात को लेकर विवाद था और क्यों इस वारदात को अंजाम दिया गया, इसकी जांच के लिए पुलिस की दो टीम लगाई गई है. अस्पताल में घायल छात्र खतरे से बाहर हैं, पुलिस हर बिंदु की गहनता से जांच कर रही है.

# यूपी में दरिंदों से खाकी ही नहीं महफूज! करवाचौथ मनाने जा रही कोन्सटेबल से रेप

## करवा चौथ के दिन एक महिला पुलिस कर्मी के साथ एक दरिंदे ने हैवानियत की हदें पार कर दी



अपराध पर अंकुश लगाने का दावा करने वाली खाकी या तो फेल साबित हो रही है या फिर अपराधियों के जहन से पुलिस का खौफ खत्म हो गया है. लगातार बढ़ते अपराध पुलिस को अपराधियों के आगे बौना साबित कर रहे हैं.करवा चौथ के दिन एक महिला पुलिस कर्मी के साथ एक दरिंदे ने हैवानियत की हदें पार कर दी. जबरन पहले महिला पुलिस कर्मी के साथ रेप किया और विरोध करने पर महिला पुलिस कर्मी को बुरी तरह पीटा. महिला पुलिस कर्मी करवा चौथ के व्रत और पूजन के लिए छुट्टी लेकर कानपुर के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में घर आ रही थी. जिस पुलिस पर जनता अपनी हिफाजत का भरोसा जताती है वो खाकी भी अब महफूज नहीं है. आपराधिक मानसिकता और अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि एक महिला पुलिस कर्मी के साथ ही दरिंदगी कर बैठा दरअसल अयोध्या में तैनात एक महिला पुलिस कर्मी छुट्टी लेकर कानपुर अपने ससुराल करवा चौथ त्योहार को मनाने के लिए आ रही थी.महिला का ससुराल कानपुर के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में पड़ता है. महिला जब देर शाम ट्रेन से उतरी तो कुछ दूर पैदा ही चल पड़ी. बिना वर्दी के सिविल कपड़ों में आ रहत महिला को सुनसान क्षेत्र में देख एक दरिंदे की नजर खराब हुई उसने महिला पुलिस कर्मी को जबरन बदनीयती के इरादे से खींचा और खेतों में लेजाकर उसके साथ रेप किया.महिला पुलिस कर्मी ने दरिंदे का विरोध किया उसके चेहरे पर अपने नाखूनों से कई वार किए यहां तक कि उसकी एक उंगली को अपने दांतों से चबा लिए और जोर जोर से शोर भी मचाया लेकिन दरिंदे ने महिला के साथ जबरन रेप किया और फिर भीड़ के इकट्ठा होने के डर से मौकेसे भाग निकला.महिला पुलिस कर्मी फटे हुए कपड़ों के साथ खेतों में थी ग्रामीण शोर सुन उसकी मदद की महिला को सुरक्षित स्थान पर ले गई और पुलिस को सूचना भी दी. जिसके बाद महिला की आपबीती पर पुलिस हरकत में आई और आनन फानन आरोपी की तलाश शुरू कर दी. महिला आरोपी की पहचान नहीं बता सकी लेकिन उसने पुलिस को इस बात की जानकारी दी कि जबरदस्ती के दौरान उसने आरोपी के चेहरे पर अपने नाखूनों ने नोचा था और आरोपी के हांथ की एक उंगली को दांतों से काटा भी था जिसके चलते पुलिस एक्टिव हुई और महिला के साथ रेप की घटना में अपनी इज्जज बचाने में लग गई. कुछ ही घंटों में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. इस पूरे मामले में एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार ने बताया कि आरोपी शख्स को महिला पुलिस कर्मी के बताये हुए हुलिए और उसके दांतों के काटने से हुई जख्मी उंगली के आधार पर गिरफ्तार किया गया है. पकड़ा गया शख्स धर्मेंद्र नजदीक ही गांव का बताया गया है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. महिला पुलिस कर्मी को मेडिकल के लिए स्वस्थ केंद्र भेजा गया है जहां उसका उपचार कराया जा रहा है.कानपुर में महिला पुलिसकर्मी के साथ रेप जैसी घटना पुलिस की.मुस्तैदी पर सवाल खड़े कर दिए हैं जिस पुलिस कीमुस्तैदी में अपराधियों केहौसले बढ़े हुए हैं और एक महिला पुलिस कर्मी के साथ ऐसी दरिंदगी की घटना होती है वहां आम जनता की हिफाजत कितनी है ?

### एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा वैगनआर कार आगे चल रहे वाहन में घुसी, तीन युवकों की मौके पर ही मौतय एक की हालत गंभीर

मथुरा के राया में सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार चल रहा है। उसकी भी हालत चिंताजनक है। मथुरा के राया में सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार चल रहा है। उसकी भी हालत चिंताजनक है।सोमवार तड़के आगरा से दिल्ली की तरफ जा रही बैगनार कार माईस्टोल 110 पर सामने चल रहे वाहन से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। कार में चार लोग सवार थे, जो दिल्ली निवासी थे। तीन युवकों को पुलिस ने बामुश्किल बाहर निकाला। उपचार के लिए भेजते जब तक उनकी मौत हो गई। एक युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।घटना कि सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मौके पर पहुंच गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### थाना सासनी पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में 2 अभियुक्त . घायल गिरफ्तार व कांबिंग के दौरान 4 अन्य साथी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



हाथरस थाना सासनी पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में पशु चोरी की घटनाएं कारित करने वाले अभियुक्तों से हुई पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में 2 अभियुक्त घायलधगिरफ्तार व कांबिंग के दौरान 4 अन्य साथी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 2 अवैध तमंचा, 3 खोखा कारतूस , 2 जिंदा कारतूस , 2 चाकू, 2 रस्सा व एक मोटरसाईकिल व 20500 रुपये बरामद ।आपको बतादे कि दिनांक 11.10.2024 को मुनेश पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम खेडा फिरोजपुर थाना सासनी जनपद हाथरस द्वारा थाना सासनी पर सूचना दी कि दिनांक 10.10.2024 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा उसकी तथा पडोसी महिपाल व मुकेश की भैंस खोलकर ले गये है । उक्त घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ।

### त्योहारी सीजन में फिर निकला महंगाई का जिन्न 400 रूपये किलो पर पहुंची सब्जी

देश में त्योहारी सीजन चल रहा है और खाने–पीने के सामान के बेतहाशा महंगे होने के चलते आम जनता असमंजस में है. फेस्टिव सीजन में घर और किचेन का बजट कैसे बनाया जाए जिससे धनतेरस, नरक चतुर्दशी और दिवाली जैसे पर्व पर खाने–पीने से लेकर सजावटी सामानों की बढ़ती कीमत उन्हें परेशान ना करे, यही बड़ा सवाल है. इस समय चाहे आप सब्जी लेने के लिए पास की लोकल मंडी में चले जाएं या ऑनलाइन सब्जियां मंगवाएं, आपको ज्यादा दाम ही देने पड़ेंगे. जानिए आपको परेशानी में डालनी वाली सबसे ज्यादा वो कौनसी सब्जियां हैं जिनके दाम इस समय आसमान पर पहुंचे हुए हैं.आपके घर के नजदीकी सब्जी मंडी में सब्जियों के दामसब्जी मंडी में सब्जियों के दाम देखें तो आपको महंगाई का करेंट लग सकता है, जैसे यहां प्याज 70–80 रुपये किलो है और टमाटर 90–100 रुपये प्रति किलो पर है. आलू के दाम 40–50 रुपये प्रति किलो पर हैं. ऑनलाइन सब्जी मंगाने पर आपको कितना देना पड़ेगा दाम हमने यहां ग्रोफर्स के रेट लिए हैं जो ताजा सब्जियों के लिए ऑनलाइन डिलिवरी क्षेत्र में अच्छी बाजार हिस्सेदारी रखता है. इस पर सब्जियों के दाम देखें तो यहां आपको काफी अंतर देखने को मिलेगा. यहां टमाटर 120 रुपये किलो तो आलू 50 रुपये किलोग्राम पर मिलेंगे. यहां पर फ्रेंच बीन्स के रेट 180 रुपये किलो तक हैं. भिंडी 90 रुपये किलो तो फूलगोभी 100 रुपये किलो के रेट पर मिल रही है. लहसुन 400 रुपये किलो पर है यानी इसकी महंगाई तो सातवें आसमान पर है.उपभोक्ता मामले विभाग पर देखें सरकारी दामअगर आप उपभोक्ता मंत्रालय की वे. बसाइट पर देखेंगे तो आपको आधिकारिक दाम देखने को मिलेंगे. यहां अलग–अलग शहर के हिसाब से दामों की तुलना एक साल पहले के रेट से तुलना की गई है. देखिए आपके शहर में आलू, टमाटर, प्याज जैसी जरूरी सब्जियों के दाम में क्या–क्या बदलाव किया गया है.राजधानी दिल्ली में क्या है सब्जियों की कीमतों का हाल (20 अक्टूबर 2024 को)आलू के दाम 33 रुपये प्रति किलो पर थे जो एक साल पहले 28 रुपये प्रति किलो दिखाए गए हैं.प्याज के दाम 60 रुपये पर हैं और एक साल पहले ये 40 रुपये प्रति किलो दिखाए गए हैं.टमाटर के दाम देखें तो इस समय ये 92 रुपये प्रति किलो पर हैं जो एक साल पहले 32 रुपये प्रति किलो पर थ .आर्थिक राजधानी मुंबई में सब्जियों के दाम (20 अक्टूबर 2024 को)आलू के दाम 45 रुपये प्रति किलो पर थे जो एक साल पहले 22 रुपये प्रति किलो दिखाए गए हैं. (23 रुपये का इजाफा)प्याज के दाम 78 रुपये पर हैं और एक साल पहले ये 38 रुपये प्रति किलो दिखाए गए हैं. (40 रुपये का इजाफा)टमाटर के दाम देखें तो इस समय ये 92 रुपये प्रति किलो पर हैं जो एक साल पहले 32 रुपये प्रति किलो पर थे. (60 रुपये का इजाफा)

## करवा चौथ पर उजड़ गया सुहाग पूजन के लिए पत्नी कर रही थी तैयार, तभी आई पति की मौत की खबर मचा कोहराम



करवा चौथ पूजा के लिए पत्नी तैयारी कर रही थी। उसी समय खबर मिली की पति की मौत हो गई है। ये खबर मिलते ही पत्नी सुधबुध खो बैठी। परिवार में चीख पुकार मच गई।मथुरा के बलदेव में करवा चौथ के दिन ही पत्नी का सुहाग उजड़ गया। पत्नी घर पर व्रत रखकर करवा चौथ पूजा की तैयारी कर रही थी, इसी बीच पति की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया।करवाचौथ के दिन रविवार सुबह 5 बजे राया–बलदेव मार्ग पर काली मैया मंदिर के समीप सड़क किनारे युवक का शव मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया हादसे में मौत की बात आ रही है। सिर पर चोट के निशान मिले हैं। घटनास्थल के पास ही क्षतिग्रस्त हाल में बाइकमिली है। मौत की सूचना मिलते ही पति की राह देख रही पत्नी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया।बलदेव थाना प्रभारत्रिलोकी सिंह ने बताया कि जांच में मृत शख्स की पहचान बलदेव के चौथाई मोहल्ला निवासी हरिदत्त कुमार (27) पुत्र तुलसीराम सविता के रूप में हुई। मृत युवक नोएडा में एक क्लब में नौकरी करता था। करवा चौथ पर्व के कारण रात 2 बजे बलदेव के लिए चला था। संभवतरू किसी वाहन की चपेट में आने से मौत हुई है। सिर पर चोट के निशान व बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला है। हरिदत्त अपने पीछे 2 बेटे, पत्नी समेत भरापूरा परिवार छोड़ गया। मौत की सूचना मिलते ही करवाचौथ की तैयारी कर रही पत्नी व बच्चे व परिजन गमगीन हो उठे। घर में मातम छा गया।

## गाजियाबाद में बनी थी मेरठ में शराब सेल्समैन से लूट की .योजना, पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार



मेरठ में बीते दिनों एक शराब सेल्समैन के साथ बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था. इस घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित सेल्समैन की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के बाद पुलिस ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. पुलिस के मुताबिक, शराब सेल्समैन से लूट की योजना गाजियाबाद में बनी थी. मेरठ के बदमाश गाजियाबाद में लूट की योजना बनाने पहुंचे थे. वह लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए उस दिन का इंतजार कर रहे थे जब कैश ज्यादा होगा. आखिर बदमाशों को कैसे पता चला कि आज कैश ज्यादा है? ये कहानी भी बहुत दिलचस्प है. बदमाशों ने इस लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए विशेष प्लान बनाया था. पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कड़ी मशक्कत की और रात दिन एक कर दिया. काफी तलाश के बाद आखिरकार पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई. पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया और उसके साथी भी हत्थे चढ़ गए. पुलिस को देख चलाई गोलीमेरठ में 16 अक्टूबर को शराब के ठेके के सेल्समैन अंकुर सोम से लूट करने वाला बदमाश सौरभ किसी दूसरी वारदात को अंजाम देने जा रहा था. कंकरखेड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली तो उन्होंने घेरा. बंदी शुरू कर दी. पुलिस को देखते ही सौरभ गुर्जर ने फायरिंग शुरू कर दी, इसके बाद पुलिस ने बदमाशों को चारों तरफ से घेर लिया. खिर्वा फ्लाई ओवर के पास मुठभेड़ में एक गोली सौरभ के पैर में लग गई. गोलीबारी बंद हुई तो सौरभ गुर्जर खून से लथपथ पड़ा था, जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया. पूछताछ में उसने हरित, सुमित और मनेन्द्र का नाम बताया. पुलिस ने हरित और मनेन्द्र को भी गिरफ्तार कर लिया. ठेके के कर्मचारी ने की मुखबिरी मेरठ पुलिस ने तीन बदमाश तो पकड़ लिए थे, लेकिन सवाल था कि आखिर सौरभ गुर्जर को कैसे पता चला कि सेल्समैन अंकुर सोम ज्यादा कैश लेकर जाएगा. इस पर पुलिस ने और सख्ती की तो मुखबिरी करने वाला सामने आ गया. उसका नाम था मनेन्द्र. मनेन्द्र शराब के ठेके पर नौकरी करता था और उसकी हरित से दोस्ती थी. हरित कुछ दिन पहले जेल गया था, जेल में उसकी सा. ौरभ गुर्जर से दोस्ती हो गई. हरित को पै. सों की जरूरत थी तो उसने मनेन्द्र से जिक्र किया. मनेन्द्र ने सेल्समैन अंकुर सोम से लूट की सलाह दी. 16 अक्टूबर को मनेन्द्र ने ही बताया कि अंकुर पैसे लेकर निकल गया है. इसके बाद सौरभ, हरित और सुमित ने लूट की वारदात को अंजाम दिया. शुरू में पांच लाख की लूट बताई गई, लेकिन कुछ पैसा ऑनलाइन जमा होने पर करीब दो लाख 90 हजार की लूट की बात सामने आई. बदमाशों ने लूट के पैसों से ब्रांडेड कपड़े और एक मोबाइल फोन भी खरीदा.अजय ने उपलब्ध कराई थी बाइकइस लूट में सुमित के एक साथी ने भी बड़ी भूमिका निभाई. 7 अक्टूबर को हरित का दोस्त सुमित और सौरभ गाजियाबाद गए थे. इन दोनों को गाजियाबाद में सुमित के दोस्त अजय ने लूट के लिए बाइक का इंतजाम किया था.सुमित जब बाइक लेकर मेरठ पहुंचा तो उसने लूट की वारदात को अंजाम देने का प्लान तैयार कर लिया. इसके बाद सौरभ गुर्जर, सुमित और हरित ने सुनियोजित ढंग से बीते 16 अक्तूबर को लूट की वारदात को अंजाम दिया.एसपी सिटी ने किया खुलासापुलिस मुठभेड़ में घायल सौरभ गुर्जर को अस्पताल में भर्ती कराया गया. लूट के लिए मुखबिरी करने वाले मनेन्द्र और उसके साथी हरित को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को सुमित और अजय की तलाश है. इन बदमाशों के कब्जे से

एक लाख तीन हजार रुपये, लूट की रकम से खरीदा गया मोबाइल फोन, तमंचा, खोखे, कारतूस और बाइक बरामद की है. एसपी सिटी ने बताया कि ठेके पर काम करने वाले मनेन्द्र ने लूट के लिए मुखबिरी की थी और जिसके बाद बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देने में कामयाब रहे थे. लूट के बाद बदमाशों ने खरीदारी की थी.

# दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने 41 मेधावियो को दिए स्वर्ण पदक, बोले- निजी हित से ऊपर है राष्ट्रहित



अलीगढ़ के राज्य विश्वविद्यालय राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी में पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अलीगढ़ आगमन पर उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, कुलपति प्रो चंद्रशेखर, अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम और हाथरस सांसद अनूप प्रधान द्वारा स्वागत किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। उसके बाद समारोह में मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शिरकत की। कैंपस में पहुंचने के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी स्वर्गीय माताजी केसरी देवी की स्मृति में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के प्रांगण में पौधारोपण किया। दीक्षांत समारोह के मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान हुआ। तदोपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चार से हुआ। तदोपरांत विश्वविद्यालय के कुलगीत का गायन हुआ। कुलपति प्रो चंद्रशेखर ने मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनगर और यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का स्वागत किया। कुलाधिपति और यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह के शुरू करने की घोषणा की। कुलपति प्रो चंद्रशेखर ने अलीगढ़ की पूर्व सांसद शीला गौतम की याद में उनके पुत्र राहुल गौतम द्वारा निर्माण कराए गए सभागार के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी के 14 सितंबर 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी ने आधारशिला रखी। विवि की स्थापना से लेकर अब तक समय से सभी परीक्षाएं कराई जा रही हैं।सभी उपाधियों और अंकपत्रों को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डिजिलॉकर पर रखने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हाथों से स्नातक और परास्नातक में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले 41 मेधावियों को स्वर्ण पदक मिला। प्राथमिक स्कूल के बच्चों को भी सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट प्रदान की गई।मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समारोह को संबाधित करते हुए कहा कि कैंपस में मां के नाम एक पेड़ लगाया, जो सराहनीय है। इस यूनिवर्सिटी का नाम जिस महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखा गया है, वह राजा महेंद्र प्रताप सिंह महान समाज सुधारक थे। उपराष्ट्रपति ने कर्पूरी ठाकुर, चौधरी चरण सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेक. ानंद को भी अपने संबोधन में याद कियाउन्होंने कहा कि शहीदों की चिताओं पर जुड़ेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशाँ होगा, अब चरितार्थ हो रहा है। राष्ट्रहित निजी हित से ऊपर है। भारत के संविधान में 22 चित्र बने हैं। संविधान के हर भाग की शुरुआत में 22 चित्र बनाए गए हैं, उनको देखना और उनके बारे में गूगल से जानकारी लेनी चाहिए। कपास को जब कातते हैं तो धागा बनता है और थोड़ा भी गड़बड़ हो तो फिर कपास बन जाता है। देश में वर्ल्ड क्लास इंफ्राटेक्चर है। केवल 10 प्रतिशत यूथ को पता है 90 प्रतिशत को नहीं पता कि अवसर कहां से मिलेगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि चाणक्य का नाम आते ही नई ऊर्जा मिल जाती है। राजा महेंद्र प्रताप सिंह नेशनल हीरो हैं, उनको नमन है। समारोह के अंत में राष्ट्रगान हुआ।समिति और उनके समन्वयकदीक्षांत समारोह में गार्ड ऑफ ऑनर समिति में प्रो. पुष्पेंद्र सिंह, पदक वितरण समिति में प्रो. कमल सिंह, आमंत्रण समिति में प्रो. चंद्रवीर सिंह, पंडाल निर्माण समिति में प्रो. सुभाष चौधरी, स्वागत समिति में प्रो. कृष्णा अग्रवाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति में प्रो. ब्रजरानी शर्मा, शैक्षिक परिधान व उपाधि शुल्क समिति में प्रो. प्रदीप कुमार, शैक्षिक परिधानों का निर्धारण व वितरण समिति में प्रो. नीता वार्ष्णेय, शैक्षिक शोभायात्रा समिति में प्रो. अंजना कुमारी, फोटोग्राफी, वीडियो व मीडिया समिति में प्रो. रोली अग्रवाल, दीक्षांत भाषण व स्मारिका समिति में प्रो. इंदु वार्ष्णेय, जलपान व भोजन समिति में प्रो. गीतिका सिंह, प्रशासनिक समिति में डॉ. निर्मेश कुमार सेंगर, संचालन समिति में प्रो. इंदु वार्ष्णेय, वाहन व्यवस्था समिति में प्रो. हरीश शर्मा, अनुशासन समिति में डॉ. अनिल कुमार वार्ष्णेय, दूसरी स्वागत समिति के अध्यक्ष कुलपति रहे।पीएम मोदी ने रखी थी आधारशिलावर्ष 2019 में योगी सरकार ने अलीगढ़ में एक राज्य स्तरीय विवि शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद वर्ष 14 सितंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया था। 93.41 एकड़ भूमि में विवि बनकर तैयार हो चुका है। पांच फीसदी फि. निशिंग का काम रह गया है।राजा महेंद्र प्रताप सिंह का परिचयराजा महेंद्र प्रताप सिंह हाथरस जिले के मुरसान रियासत के राजा थे। उनका जन्म एक दिसंबर 1886 में हुआ था और मृत्यु 29 अप्रैल 1979 को हुई थी। 1915 में उन्होंने अंग्रेजों के शासनकाल में स्वतंत्र भारतीय सरकार की स्थापना अफगानिस्तान में की थी, वह राष्ट्रपति थे। भारत को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए 50 देशों को यात्रा की। वर्ष 1957 के आम चुनाव में तो राजा महेंद्र प्रताप ने अटल बिहारी वाजपेयी को करारी शिकस्दी थी। इस चुनाव में मथुरा लोकसभा सीट से राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में लगभग 4 लाख 23 हजार 432 वोटर थे। इनमें 55 फीसदी यानी लगभग 2 लाख 34 हजार 190 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

## 15 घरों पर लगाए लाल निशान, तीन को . तोड़ा, मेयर आवास पर प्रदर्शन



समस्या को लेकर पहुचें लोगों की समस्या सुनते मेयर प्रशांत सिंघल

अलीगढ़ महानगर के बरौला जाफराबाद में बिना नो. टिस दिए नगर निगम टीम ने तीन घर तोड़ दिए। इससे गुस्साए ला. गों ने महापौर प्रशांत सिंघल के आवास पर प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि बिना नोटिस देकर नगर निगम टीम ने 15 घरों पर लाल निशान लगाए गए हैं।बरौला चौराहा वार्ड नंबर–54 मेंबरौला ऊपरगामी पुल के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि उनके पूर्वज 90–100 साल पहले यहां बसे थे। उनके मोहल्ले में दो महीने पहले आरसीसी सड़क बनी है, जो वार्ड नंबर–40 से जुड़ती है। मगर यहां के पार्षद ने सड़क को चौड़ी करने के लिए नगर आयुक्त से पत्र लिखकर मांग की। 16 अक्तूबर को नगर निगम की टीम ने घरों पर लाल निशान लगा दिए। इनमें तीन घरों को तोड़ दिया गया, जबकि अन्य ने स्वयं तोड़ लेने की बात की कही। इसके बाद टीम वापस चली गई। बंटी लोधी ने बताया कि नगर निगम टीम ने तीन घर तोड़ दिए। अगर लाल निशान लगाने थे, तो सड़क बनने से पहले नोटिस देना चाहिए। जब सड़क बन गई, तब घर तोड़े जा रहे हैं, जो सही नहीं है। प्रदर्शन में भाजपा बूथ अध्यक्ष मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, हरि सिंह, रामकुमार, वीरेंद्र पाल सिंह, जुगल किशोर आदि मौजूद रहे। उधर, इस संबंध में महापौर प्रशांत सिंघल ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

### वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति रजिस्टर्ड के तत्वाधान में लगभग 175 महिलाओं के साथ एक छत के नीचे मनाया करवा चौथ



अलीगढ .आज वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति रजिस्टर्ड के तत्वाधान में करवा चौथ और दीपावली महोत्सव भव्य रूप से लगभग 175 महिलाओं के साथ एक छत के नीचे मनाया गया ।कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियाँ थी जिन्होंने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में शहर की जानी–मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अल्पना वार्ष्णेय जी और विशेष अतिथि समाजसेवी प्रतिभा नवल किशोर वार्ष्णेय, श्रीमती रोली राहुल वार्ष्णेय , श्रीमती बीना पुरुषोत्तम साउंड सभी ने दीप प्रज्जवलन में सहभागिता की। सरस्वती मां के गायन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शन गुप्ता ने एंव दर्शन गुप्ता, नूतन गुप्ता एवं डौली गुप्ता ने कार्यक्रम संयोजिका के पद को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया ।कहा जाता है कार्यक्रम संचालन कार्यक्रम की सफलता का महत्वपूर्ण भाग है और हमारे इस सफल कार्यक्रम का संचालन सचिव नूतन गुप्ता द्वारा उत्कृष्ट रूप से किया गया। कार्यक्रम में चार चांद जब लग गए जब शहर विधायक श्रीमती मुक्ता राजा ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई कार्यक्रम में करवा चौथ क्वीन का खिताव 40 से 51 साल की महिलाओं के बीच में रखा गया जिसमें श्रीमती ने ताज पहना। कार्यक्रम के प्रा. रंभ में चटपटे नाश्ते और स्वादिष्ट पेय पदार्थ ने अपना जादू चलाया वही चटकारेदार भोजन ने सभी को तृप्त किया भारतीय संस्कृति के अनुसार सभी का बैठाकर खाना परोस कर खिलाया गया। जिससे महिलाओं ने शांतिपूर्वक और तृप्त होकर खाना खाया अंत में राष्ट्रगान और कोषाध्यक्ष रेनू रानी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई

## 23 अक्टूबर को सजेगी सुरों की महफिल, अलीगढ़ आ रहे कैलाश खेर



जीटी रोड स्थित रमाडा होटल में कैलाश खेर नाइट का आयोजन शानदार होगा। सुरों की महफिल सजेगी।कैलाश खेर नाइट होने जा रही है। होटल में संगीत की तरंगें उठने वाली हैं।पार्श्व गायक कैलाश खेर की सुरों की महफिल 23 अक्टूबर को अलीगढ़ में सजेगी। शहर में जब से कैलाश खेर के सुरों की महफिल सजने की बात सामने आई है, उनके प्रशंसक उत्साहित हैं।कैलाश खेर नाइट का आयोजन शानदार होगा। सुरों की महफिल सजेगी।कैलाश खेर नाइट सुरों की रात होगी। स्वर्णिम गायकी के साक्षी शहरवासी बनेंगेये हैं सहयोगीमुख्य सहयोगी एकत्व स्मार्ट सिटी, बिट ग्रुप ऑफ एजूकेशनहॉस्पिटैलिटी पार्टनर रमाडा होटल इन एसोसिएशन विद बीएमबी मसाले, माहेश्वरी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, शर्मा ऑर्थोप्लस्टी एंड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सांग. वान सिटी, वरुण हॉस्पिटल, राधा मोहन डेवलपर्स एंड कोलोनाइजर्स, कोनार्कपाइप, प्रशांत इंटरप्राइजेज, देव मोटर्स, आईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंसको–स्पॉन्सर आईआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, एवीपी इंटरनेशनल स्कूल, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, थ्री डॉट्स सेवा मार्ग पब्लिक स्कूल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, एक्सट्रीम एक्सपोर्ट्स, वृंदा मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अभिश्री हॉस्पिटल, अल–दुआ फूड प्रोसेसिंग प्रालि, विनीत ऑटोमोबाइल्स, स्पाइडर लॉक्स एंड एसेसरीज, मस्कट होंडा, लॉक्स एंड हार्डवेयर निर्माताएसोसिएशन, अलीगढ़आउटडोर पार्टनर एमकेजी मीडिया रेडियो पार्टनर बिग एफएम

## अतरौली के लाल ने किया कमाल, 217.5 किलोग्राम वजन उठाकर जीता स्वर्ण पदक



नेशनल बेंच प्रेस पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में कस्बे के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अतरौली क्षेत्र का नाम रोशन किया। 83 किलोग्राम भार वर्ग में विकास यादव ने 217.5 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पद जीता।करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता मनोज चौहान ने बताया कि यह प्रतियोगिता गोवा में आयोजित हुई थी। 74 किलोग्राम भार वर्ग में 160 किलोग्राम वजन उठाकर मुनीर अहमद ने इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोच अरुण राज, संदीप शर्मा, राकेश गौतम, गौरव शर्मा, विकास अग्रवाल, भागीरथ सिंह, चंदन शर्मा, सौरभ, कोच रिजवान खान, मोहसिन खान, वरुण चौधरी, कैप्टन नरेंद्र सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## राज्यपाल को ज्ञापन देने जा रहे सपाइयों को पुलिस ने रोका लिया हिरासत में ,

आज दिनांक 21 अक्टूबर को होने वाले राजा महेंद्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को विश्वविद्यालय की समस्याओं व छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर ज्ञापन देने जा रहे थे। जिन्हें सुबह से ही उनके घर से निकलते ही पुलिस द्वारा अलग अलग क्षेत्रों से हिरासत में लिया गया। इसके बाद पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच काफी नोकझोंक हुई। युवजन सभा के पूर्व महानगर अध्यक्ष आमिर आबिद लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष तरुण वाल्मीकि, अजीम अब्बासी जुबेर गाजी हाशिम खान,सुहैल अब्बासी,वासिफ खान,व अन्य पदाधिकारियों को तस्वीर महल चौराहे से हिरासत में लेकर थाना सिविल लाइन के लिए रवाना हुए जिसकी सूचना समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी और समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मनोज यादव को हुई। उसके बाद सिविल लाइन थाने पहुंचे। धीरे–धीरे समाजवादी पार्टी के पार्षद और महानगर कार्यकारिणी के लोग इकट्ठा होने लगे। महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या है लोकतंत्र में हर किसी को आवाज उठाने का हक है। जिला महासचिव मनोज यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा छात्रों की आवाजों को दबाने का काम किया है। समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष मोहसिन मेवाती ने कहा की कार्यक्रम पहले से प्रस्तावित था इस तरह रोकना यह छात्रों की आवाज दबाने का काम है भाजपा सरकार छात्र विरोधी है। युवजन सभा के पूर्व महानगर अध्यक्ष आमिर आबिद मैं कहां पुलिस द्वारा इस तरह हिरासत में लिए जाना पूरी तरह दमनात्मक कार्रवाई है, जिसके विरोध में बहुत जल्द छात्रों को साथ लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।छात्र सभा प्रदेश सचिव अजीम अब्बासी ने कहा कि सरकार छात्रों की आवाज का दबा रही है जो कि बर्दाश्त नही किया जाएगा लोहिया वाहिनि महानगर अध्यक्ष तरुण वाल्मीकि नेकहा की सरकार पिछड़े दलित अल्पसंख्यक का उत्पीड़न कर रही है के प्रदेश महासचिव हनी यादव ने कहा सरकार छात्रों की मांगों पर ध्यान देने के बजाय दमन पर उतारू है और छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को भी दबाने की कोशिश कर रही है।महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी व जिला महासचिव मनोज यादव ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर थाने में सीओ धनंजय सिंह जी को तीन सूत्रय ज्ञापन दिया उपराष्ट्रपति जी व राज्यपाल जी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद हिरासत में लिए गए सपा कार्यकर्ताओं को छोड़ाइस दौरान थाने पर मौजूद रहे समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव राजेश सैनी शहर विधानसभा अध्यक्ष मो साजिद,पार्षद नईम पार्षद अकील अल्वी पार्षद शाकिर पार्षद तारिक पार्षद सद्दाम अशरफी,पार्षद जावेद, महानगर उपाध्यक्ष प्रभात सविता अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष शहजाद अल्वी,मजदूर सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहत अली,यूथ ब्रिगेड महानगर अध्यक्ष हसमुद्दीन अल्वी लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष तरुण वाल्मीकि छात्र सभा महानगर महासचिव दुर्गेश यादव छात्र नेता एडवोकेट इमरान पठान महानगर उपाध्यक्ष कुलदीप चंदेल महानगर उपाध्यक्ष सैयद फैजान अली महानगर उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शाहरुख खान अब्बासी यूथ ब्रिगेड विधानसभा अध्यक्ष शकील अब्बासी लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव जुबेर गाजी छात्र सभा प्रदेश सचिव अजीम अब्बासी इकाई अध्यक्ष दिनेश यादव महानगर सचिव स्कंद राय महानगर सचिव आबिद मलिक महानगर सचिव अंकित यादव महानगर सचिव हाशिम अलीसारांश कौशिक दीपक कश्यप,निखिल राजपूत,अर्जुन यादव,अजीम मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में पहुंचे सभी समाजवादी

## इस वर्ष दीपावली 1 नवंबर को मनेगी

महानगर अलीगढ़ के मध्य स्थित भव्य श्री वार्ष्णेय मंदिर पर विप्र शक्ति संगठन ने एक बैठक आयोजित की ।
श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता एवम मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार इस बैठक में दीपावली महा. त्सव को लेकर अलीगढ़ के ज्ञानी विद्वानी ब्राह्मणों द्वारा गहन चिंतन मनन किया गया । जिसमें सभी विद्वानों ने इस वर्ष दीपावली का त्योहार 1 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को मनाने का फैसला किया ।श्री वार्ष्णेय मंदिर के महंत पंडित मनोज मिश्रा ने बताया कि हमारे ब्रज क्षेत्र में सभी पर्व एवं त्यौहार को उदया तिथि के हिसाब से मनाये जाते हैं , 1 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को सूर्योदय के समय अमावस्या रहेगी, इसलिए 1 नवंबर 2024 को दीपावली मनाना शुभ रहेगा । 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवम अन्नकूट तथा 3 नवंबर को भैया दूज का पर्व मनाया जाएगा ।
पंडित मनोज मिश्रा ने आगे बताया कि सोशल मीडिया पर चल रहे पत्रों के बारे में विप्र समाज संगठन ने कहा है कि हमारे पर्व हमारे पंचांगों पर आधारित होते हैं ना कि व्हाट्सएप से संचालित होते हैं । हालांकि सोशल मीडिया अपनी बात कहने का सर्वाधिक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है लेकिन इसका कुछ लोग दुरुपयोग भी कर रहे हैं और हमारी भारतीय संस्कृति एवं पर्व के बारे में भ्रांति फैलाने का भी कुत्सित प्रयास कर रहे हैं । जो गलत है । अगर आप पंचांगों का अध्ययन करेंगे तो देखेंगे कि दीपावली 1 नवंबर की ही है ।श्री वार्ष्णेय मंदिर में विप्र संगठन की बैठक में मुख्य रूप से पंडित प्रदीप वेदपाठी, पंडित देवेंद्र नीलकंठ , पंडित दिवाकर मिश्रा, पंडित रवि मिश्रा , रवि शर्मा , मंदिर महंत पंडित मनोज मिश्रा , भुवनेश वार्ष्णेय , पंडित नवीन कुमार दीक्षित , चंद्रप्रकाश शर्मा , जवाहरलाल भारद्वाज , चंद्र मोहन शर्मा , विशेष शर्मा , दिनेश सारस्वत , जयप्रकाश वशिष्ठ , काली चरण शर्मा , करन भारद्वाज , सलिल बल्लभ , जितेंद्र शर्मा , सुशील शर्मा , कुलदीप व्यास , प्रदीप वशिष्ठ , लोकेश शास्त्री , भगवान कौशिक , दिवाकर वे. दपाठी , तरुण शर्मा , कुलदीप शर्मा , रामसेवक उपाध्याय , भगवत शरण शर्मा , श्रीकृष्ण शर्मा , मुनेश शास्त्री , नरेंद्र शर्मा , विपिन शास्त्री, डॉ महेश चंद्र शर्मा , चंद्रभान शर्मा , धर्मेंद्र द्विवेदी आदि उपस्थित रहे ।

## अगले साल अलीगढ़ में प्रवास करेंगे मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डा. मोहन भागवत अगले वर्ष अलीगढ़ में प्रवास करेंगे। सर संघ चालक बनने के बाद उनका दूसरा दौरा होगा। इससे पहले 2011–12 में प्रवास कर चुके हैं। मथुरा प्रवास के बाद संघ यहां तैयारी तैयारी में जुटेगा। मथुरा रोड स्थित केशव सेवा धाम में संघ का अप्रैल–2025 में ब्रज प्रांत का प्रवास होगा, जिसमें संघ के प्रमुख तीन दिन का प्रवास करेंगे। विभाग कार्यवाह योगेश के अनुसार ब्रज प्रांत के अनुसार 30 जिले आते हैं। ब्रज प्रांत में अलीगढ़, आगरा और बरेली के 12 जिले शामिल हैं। प्रवास के दौरान प्रांत की कार्यकारिणी, प्रांत की गतिविधियों से जुड़े कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में पंचपरिवर्तन, संघ का शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर मंथन होगा। 19 से 21 अप्रैल प्रवास की तिथि हो सकती है। इसमें बदलाव भी संभव है। पिछले साल सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले अलीगढ़ आए थे। इस बार संघ प्रमुख आएंगे।

# कार्तिक अमावस्या कब ? स्नान-दीपदान के अलावा लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व

कार्तिक माह का शुभारंभ 18 अक्टूबर 2024 से हो रहा है. कार्तिक माह का पूरा महीना स्नान-दान के लिए श्रेष्ठ माना जाता है.धार्मिक मान्यता है कि का. र्तिक में श्रीहरि जल में वास करते हैं. इसलिए स्नान का महत्व दोगुना हो जाता है.खासकर कार्तिक अमावस्या और पूर्णिमा पर तीर्थ नदी के जल से जो स्नान करता है उसे भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है. का. र्तिक अमावस्या पर दिवाली मनाई जाती है. इस साल कार्तिक अमावस्या 2024 में कब है, जानें इसकी डेट, स्नान-दान का मुहूर्त और महत्व.कार्तिक अमावस्या 1 नवंबर 2024 को शुक्रवार को है. इस दिन दिवाली भी है. स्कंद और भविष्य पुराण के मुताबिक कार्तिक महीने की अमावस्या पर लक्ष्मी पूजन के अलावा किए गए तीर्थ स्नान और दान से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं.कार्तिक अमावस्या 2024 मुहूर्तपंचांग के अनुसार कार्तिक अमावस्या 31 अक्टूबर 2024 को दोपहर 03 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 1 नवंबर 2024 को शाम 06 बजकर 16 मिनट पर समाप्त होगी.स्नान-दान मुहूर्त – सुबह 4.50 – सुबह 5.41प्रदोष काल – शाम 05.36 – रात 08.11पुराणों में कार्तिक अमावस्या का महत्व ब्रह्म पुराण में बताया है कि कार्तिक अमावस्या पर लक्ष्मीजी पृथ्वी पर आती हैं. पद्म पुराण का कहना है कि इस दिन दीपदान करने से अक्षय पुण्य मिलता है. स्कंद पुराण के मुताबिक कार्तिक महीने की अमावस्या को गीता पाठ और अन्न, ऊनी वस्त्रों का दान करने से देवता संग पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है. सुख, समृद्धि और सफलता का वरदान मिलता है.कार्तिक



अमावस्या पर कौन से काम करना है शुभ कार्तिक अमावस्या के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान तीर्थ नदी में या उसके जल से स्नान करना चाहिए. सूर्य को अर्घ्य दें.पितरों के नाम तर्पण करें, जल में तिल प्रवाहित करना लाभक. ारी होगा.सुबह नवग्रह स्त्रोत का पाठ करने से ग्रह संबंधित दोष दूर होते हैं. प्रदोष काल में शिवलिंग का शहद से अभिषेक करने पर तमाम बाधाएं दूर हो जाती है.शाम को घर के बाहर मुख्य द्वार और आंगन में दीपक जलाएं. इससे लक्ष्मी जी घर में वास करती हैं. साथ ही यमराज और पितर प्रसन्न होते हैं.

## प्रेमानंद महाराज ने व्रत को लेकर कह दी ये बड़ी बात, हलवा, पूड़ी, सेब खाकर नहीं, ऐसे होता है उपवास, बताया सही तरीका



हमारे देश में कई पर्व-त्योहार,पूजा-पाठ होते हैं. कई तरह के बड़े पर्व मनाए जाते हैं. इन सभी पर्व त्योहरों में लोग पूजा-पाठ करने के साथ ही अपनी श्रद्धा से व्रत यानी उपवास (थ्ंेजपदह) भी रखते हैं. अभी कुछ दिनों पहले शारदीय नवरात्रि समाप्त हुआ है. अधिकतर लोग नवरात्रि पर व्रत रखते हैं. पूजा-पाठ करते हैं. करवा चौथ, तीज, जीतिया, छठ पूजा, कोई भी पर्व हो, लोग उपवास रखते हैं. कुछ लोग निर्जला व्रत रखते हैं, तो कुछ फलाहार करके व्रत को पूरा करते हैं. क्या आप जानते हैं कि व्रत करने के भी कुछ फायदे होते हैं. जरूरी नहीं कि सिर्फ पर्व-त्योहार में ही उपवास रखें. आप इसे महीने में कभी भी एक दिन रख सकते हैं. व्रत रखने के सही नियमों के बारे में वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज ने बहुत अच्छी जानकारी दी है. अपने यूट्यूब चौनल पर उन्होंने बताया है कि कब व्रत रखना चाहिए और क्या है फलाहार का मतलब. कब व्रत रखना चाहिए??प्रेमानंद महाराज जी कहते हैं कि हर किसी को महीने में दो या चार बार व्रत रखना चाहिए. सब को भूखा रहना चाहिए. आप चाहें तो सप्ताह में एक बार भी व्रत रख सकते हैं या फिर 15 दिनों में एक बार व्रत रख लें. इसमें क्या जाता है. ऐसे करने से कुछ भी नहीं बिगड़ेगा आपका.क्या है फलाहार का मतलब?
वह अपने वीडियो में आगे कहते हैं हैं कि आजकल तो व्रत लोगों के लिए मनो. रंजन जैसा हो गया है. वैसा व्रत नहीं रखना चाहिए. उस व्रत की बात हम नहीं कर रहे. कुट्टू तो बहुत महंगा होता है. लोग व्रत में कुट्टू की पूड़ी, सिंघाड़े का हलवा, सामक केचावल के खीर आदि खाते हैं. ये सभी महंगी चीजें हैं. अंगूर, सेब,संतराऐसे फलाहार से तो हम मना करते हैं. घर बर्बाद करोगे अपना. फिर तो ऐसा फलाहार रोज मिले तो बहुत बढ़िया है फलाहार का मतलब होता है कि आज हम व्रत कर रहे हैं तो 12 बजे दिन तक कुछ नहीं खाएंगे. बारह बजे थोड़ा पानी पी लिया और फिर शाम के 4 बजे कुछ फल, मीठा, दूध ऐसे कुछ सात्विक प्राण पोषण चीजें थोड़ी सी खाएंगे. बस, फिर रात में कुछ नहीं लिया. वह कहते हैं कि एक दिन में कोई व्रत रखकर मर थोड़े ही जाएगा.

## नवंबर और दिसंबर में इतने दिन बजेगी शहनाई, मांगलिक कार्यों के लिए ये शुभ मुहूर्त

पूर्णियारू- तुलसी विवाह के बाद घरों में शादी या समारोह की शुरुआत हो जाती है. चतुर्मास लग जाने के कारण लोग शादी, उपनयन और मुंडन जैसे मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे थे. इस बार देव उठानी एकादशी 12 नवंबर को पड़ रहा है. इस दिन भगवान विष्णु योग निंद्रा से बाहर आएंगे और तब चतुर्मास का समापन हो जाएगा. इसके बाद फिर अगले 4 महीने से बंद पड़े सभी मांगलिक कार्य दोबारा शुरू हो जाएंगे. इसलिए देव उठानी एकादशी के विवाह, उपनयन, मुंडन के बहुत शुभ मुहूर्त है.अगर आप भी मांगलिक कार्य करने के लिए इंतजार में बैठे थे और शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे थे, तो आपका इंतजार अब खत्म हुआ. दरअसल नवंबर में फिर से शहनाई बजनी शुरू हो जाएगी. जानकारी देते हुए न्यू सेटिंग लोकल से पूर्णिया के पंडित मनोज पाल्या लोकल 18 को बताते हैं कि चातुर्मास का समापन 12 नवंबर देव उठानी एकादशी के दिन हो जाएगा. इस व्रत के खत्म होने के पश्चात विवाह उपनयन और मुंडन जैसे शुभ मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त की शुरुआत हो जाएगी.शादी के लिए शुभ मुहूर्तपूर्णिया के पंडित मनोत्पल झा कहते हैं कि मिथिला पंचांग के अनुसार, नवंबर के महीने में शादी के लिए शुभ मुहूर्त 18, 22, 25 और 27 नवंबर है. वहीं दिसंबर के महीने में 1, 2, 5, 6 और 11 दिसंबर शादी के लिए शुभ मुहूर्त है. हालांकि बनारसी पंच. ांग के मुताबिक, अगर शुभ मुहूर्त की बात की जाए, तो बनारसी पंचांग के अनुसार शादी के लिए कुल 9 शुभ मुहूर्त नवंबर के महीने में है और 9 शुभ मुहूर्त दिसंबर के महीने में है. ऐसे में शादी के लिए कुल 18 शुभ मुहूर्त बताए गए हैं.मुंडन संस्कार के लिए जानें शुभ मुहूर्तपंडित मनोत्पल झा स्वबंस 18 को आगे बताते हैं कि मुंडन संस्कार के लिए नवंबर के महीने में 18 और 20 तारीख है. वही दिसंबर के महीने में 5, 6 और 11 तारीख को शुभ मुहूर्त है. अगर बात बनारसी पंचांग के मुताबिक करें, तो नवंबर महीने में 29 तारीख को और दि. संबर के महीने में 5, 6, 11 और 14 तारीख को शुभ मुहूर्त होगा. साथ ही साथ उपनयन करने के लिए उपनयन का शुभ मुहूर्त फरवरी के 3 और मार्च में 2, 5, 7 और 9 तारीख को शुभ मुहूर्त दर्शाया गया है. इन सभी शुभ मुहूर्त में लोग आसानी से मांगलिक कार्य कर सकते हैं.


## माता पार्वती का ही स्वरूप है अहोई माता, मिलता है संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

अहोई अष्टमी 2024 का पर्व हर साल कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन अहोई माता की पूजा और अहोई चित्र का दर्शन करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस साल 24 अक्तूबर, गुरुवार को अहोई अष्टमी है। इस दिन साध्य योग और गुरु पुष्य नक्षत्र भी है। इस संयोग में अहोई माता की पूजा अर्चना करने से संतान के जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होती हैं।अहोई माता को मां पार्वती का रूप माना जाता है। इन्हें संतानों की रक्षा और उनकी लंबी उम्र प्रदान करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। इनकी पूजा करने से महिलाओं की कुंडली में ऐसे योग बन जाते हैं,जिससे बंध्या योग, गर्भपात से मुक्ति, संतान की असमय मृत्यु होना एवं दुष्ट संतान योग आदि सभी कुयोग समाप्त हो जाते हैं। धार्मिक कथा के अनुसार, अहोई माता का चित्रण एक अहोई (साही या नेवला) के रूप में किया जाता है, जिसे एक पौराणिक घटना के प्रतीक रूप में देखा जाता है।कहा जाता है कि प्राचीन समय में एक महिला जो अपने पुत्रों की मां थी, वह जंगल में मिट्टी खोदते समय गलती से एक साही के बच्चों को मार देती है। इस घटना के बाद महिला को पछतावा होता है और वह तपस्या कर देवी से क्षमा याचना करती है। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी उसे आशीर्वाद देती हैं कि उसकी संतान सुरक्षित रहेगी। तब से यह परंपरा चली आ रही है कि माताएं अहोई माता की पूजा कर अपनी संतानों की दीर्घायु और कल्याण की कामना करती हैं।अहोई अष्टमी का व्रत और पूजा विधिअहोई अष्टमी के दिन महिलाएं सुबह स्नान करके व्रत का संकल्प लेती हैं। इस व्रत में दिनभर बिना अन्न और जल ग्रहण किए व्रत रखा जाता है और शाम को अहोई माता की पूजा की जाती है। पूजा में जल से भरे कलश की स्थापना की जाती है और अहोई माता की कथा सुनाई जाती है। पूजा के दौरान चांदी की अहोई या धातु की मूरत का उपयोग भी किया जाता है। शाम के समय चंद्रमा के दर्शन करने के बाद ही व्रत का पारण किया जाता है।महत्वअहोई अष्टमी व्रत की धार्मिक मान्यता है कि जो महिलाएं इस दिन अहोई माता की पूजा करती हैं और व्रत करती हैं, उनकी संतानें लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन प्राप्त करती हैं। साथ ही, अहोई माता की पूजा से संतान से संबंधित सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और उनके जीवन में समृद्धि आती है।

## गोवर्धन पूजा के दिन मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में दर्शन

दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। इस दिन को कुछ जगहों पर अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। गोवर्धन पूजा में गोवर्धन यानी की गायों के गोबर या गोधन की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में गायों को पूजनीय माना गया है। इस साल गोवर्धन पूजा 2 नवंबर को मनाई जा रही है। इस दिन महिलाएं गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृ ति बनाती हैं। गोवर्धन का त्योहार श्री कृ ष्ण से जुड़ा है और इस दिन लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करते हैं और ऐसी मान्यता है कि गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से उनकी मनोकामना पूरी होती है। ये भी माना जाता है कि गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से चार धाम यात्रा करने जितना पुण्य प्राप्त होता है। अगर आप भी इस गोवर्धन पूजा के लिए गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने की योजना बना रहे हैं तो मथुरा वृंदावन की सैर करें। आइए जानते हैं इस गोवर्धन पूजा पर कैसे मथुरा-वृंदावन की बजट यात्रा कर सकते हैं।श्रीकृष्ण की नगरी की यात्रा की शुरुआत मथुरा से करें। दिल्ली से मथुरा की दूरी लगभग 162 किमी है। सफर तय करने में 3 घंटे का समय लग सकता है। देर रात या भोर के वक्त निकलेंगे तो सुबह की आरती के वक्त मथुरा पहुंच जाएंगे। मथुरा दर्शन के बाद वृंदावन और गोकुल बरसाना की यात्रा कर सकते हैं। इसके अलावा यमुना घाट पर स्नान के लिए जा सकते हैं। मथुरा में आप श्री कृष्ण जन्मभूमि के दर्शन के लिए जा सकते हैं। इसके अलावा द्वारिकाधीश मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। वृंदावन में श्री राधारमण, श्री राधा दामोदर, राधा श्याम सुंदर ,रंगनाथ जी का मंदिर, प्रेम मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, अक्षय पात्र, वैष्णो देवी मंदिर के भी दर्शन करें। निधिवन ,श्री रामबाग मंदिर, गोपीनाथ, गोकुलेश, श्री कृष्ण बलराम मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यहां आप गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा जरूर करें और गोवर्धन पर्वत की पूजा करें और यहां दानघाटी मंदिर के दर्शन जरूर करें।मथुरा वृंदावन की यात्रा के लिए दिल्ली से बस का किराया लगभग 300 रुपये हो सकता है। इसके अलावा अगर आप निजी टैक्सी बुक करते हैं तो 3000 से 5000 रुपये में यात्रा पर जा सकते हैं। यहां रहने के लिए 1000-1200 तक होटल में कमरा मिल जाएगा। स्थानीय जगहों की सैर के लिए ऑटो रिक्शा बुक करें। से प्रतिदिन लगभग 400-500 रुपए में कई मंदिरों की सैर का मौका मिल जाएगा। टैक्सी से सफर का मजा ले रहे हैं तो यहां लगभग 1500-1800 रुपए में पूरा शहर घूम सकते हैं। वहीं अगर आप टूर पैकेज ले रहे हैं तो आपको लगभग 7000 रुपए ६ व्यक्ति(2 रात 3 दिन ) का मिल सकता है।

## अक्तूबर माह की अंतिम एकादशी कब? जानें पूजा और पारण करने का मुहूर्त



अक्तूबर माह की अंतिम एकादशी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी के दिन है। कार्तिक मास की यह एकादशी धनतेरस से एक या दो दिन पहले पड़ती है। इस एकादशी को रमा एकादशी के नाम से जाना जाता है। जो लोग रमा एकादशी का व्रत करके भगवान विष्णु की पूजा करते हैं उनके सभी पाप मिट जाते हैं और उन्हें विष्णु लोक में स्थान मिलता है। आइए जानते हैं अक्तूबर माह की अंतिम एकादशी यानी रमा एकादशी कब है। इस एकादशी का पूजा मुहूर्त और पारण मुहूर्त किस समय है?कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि आरंभरू 27 अक्तूबर, रविवार, प्रातः 5रू23 बजे से कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि समाप्तरू 28 अक. टूबर, सोमवार, प्रातः 10रू31 बजे ऐसे में आखिरी एकादशी व्रत अक्टूबर माह में होगा। उदया तिथि क अनुसार 28 अक्तूबर का रमा एकादशी मनाई जाएगी। अक्तूबर माह की अंतिम एकादशी कब? जानें पूजा और पारण करने मुहूर्तअक्तूबर माह की अंतिम एकादशी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी के दिन है। का. र्तिक मास की यह एकादशी धनतेरस से एक या दो दिन पहले पड़ती है। इस एकादशी को रमा एकादशी के नाम से जाना जाता है।कार्तिक मास कीएकादशी को रमा एकादशी के नाम से जानाजाता है। अक्तूबर माह की अंतिम एकादशी का. र्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी के दिन है। कार्तिक मास की यह एकादशी धनतेरस से एक या दो दिन पहले पड़ती है। इस एकादशी को रमा एकादशी के नाम से जाना जाता है। जो लोग रमा एकादशी का व्रत करके भगवान विष्णु की पूजा करते हैं उनके सभी पाप मिट जाते हैं और उन्हें विष्णु लोक में स्थान मिलता है। आइए जानते हैं अक्तूबर माह की अंतिम एकादशी यानी रमा एकादशी कब है। इस एकादशी का पूजा मुहूर्त और पारण मुहूर्त किस समय है?एकादशी अक्तूबर 2024 कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि आरंभ 27 अक्तूबर, रविवार, प्रातः 5:23 बजे से कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि समाप्तरू 28 अक्टूबर, सोमवार, प्रातः 10:31 बजे ऐसे में आखिरी एकादशी व्रत अक्टूबर माह में होगा। उदया तिथि क अनुसार 28 अक्तूबर का रमा एकादशी मनाई जाएगी। 2 शुभ योग में रमा एकादशी रमा एकादशी के दिन दो शुभ योग का निर्माण हो रहा है। पहला ब्रह्म योग सुबह 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगा और उसके बाद चंद्र योग आरंभ होगा जो पूरे दिन रहेगा।

## दिवाली से पहले बन रहा गुरू पुष्य नक्षत्र, सोना, घर-गाड़ी की खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त देखें

शुभ कार्य जैसे मुंडन, गृह प्रवेश, नए व्यापार की शुरुआत, निवेश, वाहन, सोना, संपत्ति, या किसी विशेष योजना के लिए पुष्य नक्षत्र को बहुत अनुकूल माना जाता है. पुष्य नक्षत्र हर महीने आता है लेकिन गुरुवार के दिन जब पुष्य नक्षत्र का संयोग बनता है तो उसे गुरु पुष्य नक्षत्र या गुरु पुष्य योग कहते हैं. आइए जानें अक्टूबर 2024 में दिवाली (क्पूंसप) से पहले गुरु पुष्य नक्षत्र कब है. गुरु पुष्य नक्षत्र अक्टूबर 2024 में कब ? धनतेरस और दिवाली से पहले गुरु पुष्य नक्षत्र 24 अक्टूबर 2024 को है. इस दिन अहोई अष्टमी का व्रत भी रखा जाएगा. गुरु पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई वस्तु लंबे समय तक उपयोगी रहती है.2024 का आखिरी गुरु पुष्य नक्षत्र मुहूर्त इस साल का आखिरी गुरु पुष्य नक्षत्र 24 अक्टूबर 2024 को सुबह 06.15 मिनट से शुरू होगा और इसकी समाप्ति 25 अक्टूबर 2024 को सुबह 7.40 मिनट पर होगी. ऐसे में 24 अक्टूबर का पूरा दिन खरीदारी के लिए श्रेष्ठ है.सोना और वाहन खरीदने का मुहूर्त – सुबह 11.43 से दोपहर 12.28लाभ का चौघड़िया – दोपहर 12.05 – दोपहर 1. 29शुभ का चौघड़िया – शाम 04. 18 – शाम 5.42गुरु




पुष्य नक्षत्र है समृद्धिदायक गुरु ग्रह और पुष्य नक्षत्र, धन, समृद्धि और ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं इस वजह से दोनों के संयोग से बनने वाला यह योग बेहद शुभकारी होता है. ये दुर्लभ माना गया है. इस पर मां लक्ष्मी, शनि देव और भाग्य के कारक बृहस्पति की कृपा रहती है. यही वजह है कि गुरु पुष्य नक्षत्र में किए गए कार्य फलदायी और समृद्धि प्रदान करने वाले होते हैं.पुष्य नक्षत्र में कौन सी वस्तु खरीदें इस नक्षत्र के देवता बृहस्पति हैं, जिनका मुख्य तत्व सोना है. ऐसे में गुरु पुष्य योग में सोना खरीदना शुभ होता है. लक्ष्मी जी का आशीर्वाद मिलता है.पुष्य नक्षत्र पर शनि के प्रभाव के कारण लोहा भी महत्वपूर्ण है.चंद्र के प्रभाव से चांदी की खरीदारी भी शुभ मानी जाती हैगुरु पुष्य नक्षत्र में भूमि, जमीन, घर, भवन, गाड़ी खरीदना शुभ होता है. इस दिन दुकान में दक्षिणावर्ती शंख की स्थापना करने से धन आगमन होता है.बच्चों का विद्यारंभ संस्कार करने के लिए गुरु पुष्य नक्षत्र का दिन श्रेष्ठ है.

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।